# 'आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें'



उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की साधारण सभा को संबोधित करते प्रशासक एवं जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल तथा अतिथिगण।

**उदयपुर, (कासं)।** दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की 66 वीं, 67वीं, 68 वीं एवं 69वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार में बैंक प्रशासक एवं जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा तथा पर्यटन सहकारी समिति उदयपुर के अध्यक्ष प्रमोद सामर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। आमसभा में बैंक कार्यक्षेत्र के जिला उदयपुर, राजसमन्द, सलूम्बर एवं प्रतापगढ जिले की धरियावद तहसील की 275 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्षगणों तथा अऋणी सहकारी समितियों के अध्यक्षगणों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर एव प्रशासन पोसवाल ने कहा कि सहकारिता का मूल सिद्धान्त एक सबके लिए और सब एक के लिए है। समितियां सहकारिता के इस ध्येय को अंतर्मन में रखते हुए कार्य करें तथा आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं तथा बैंक योजनाओं से लाभान्वित करें।

इस अवसर पर उन्होंने सभी समिति सदस्यों को लाभप्रदत्ता में वृद्धि करने के सभी सम्भव उपायों पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन एवं राज्य सरकार के स्तर पर हर संभव प्रयास के लिए आश्वस्त किया। इससे पूर्व बैंक की वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 ि की प्रगति के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी।

इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिह मीणा ने सभी अध्यक्षगणों को सहकारिता के माध्यम से ग्रामीणों के उत्थान के लिए कार्य करने का आहवान किया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने भारत सरकार की मंशा के अनुरूप नई तकनीक को अंगीकार करते हुए पैक्स कम्प्यूटराईजेशन करते हुए सभी समितियों को तकनीकी मंच पर शीघ्र लाने की आवश्यकता जताई।

बैठक में बैंक के प्रबन्ध निदेशक आलोक चौधरी ने गत 3 मार्च 2021 को हुई आमसभा बैठक की कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसका सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। आमजन में उपस्थित अध्यक्षगणों ने समिति के व्यवसाय में वृद्धि के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पीडीएस लाइसेंस प्राथमिकता से देने, समितियों में व्यवस्थापकों के खाली पदों को भरने, समिति सदस्यों को ऋण राशि में वृद्धि करने, लाभांश वितरण करने आदि के सुझाव दिए।

इस अवसर परप्रबन्ध निदेशक ने सुझाव एवं समस्याओं के निराकरण के लिए बैंक स्तर पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में सलूम्बर विधानसभा के दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

## सांसद रावत ने किया शूटर शर्मा का सम्मान

**उदयपुर, (कासं)।** पिस्टल शूटर दीपक शर्मा ने संपूर्ण भारत में 33वां स्थान प्राप्त करके पूरे उदयपुर का नाम भारत में रोशन किया है। इसी श्रृंखला में दीपक शर्मा ने सांसद मन्नालाल रावत से भेंट की, सांसद रावत ने दीपक शर्मा को उपरना ओढा कर सम्मान किया।

दीपक ने बिना किसी कोच के एवं बिना किसी कोचिंग सेंटर जाए उनकी स्वयं की तैयारी से यह स्थान प्राप्त किया है। उनका संपूर्ण राजस्थान में आठवां स्थान एवं संपूर्ण उदयपुर में प्रथम स्थान है।

सांसद मन्नालाल रावत ने दीपक शर्मा को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए। शुभकामनाएं दी। दीपक शर्मा पूर्व में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन चुके हैं।

# हिंदी राष्ट्र अस्मिता का प्रतीक : डॉ. अमी राठौड़

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), उदयपुर के संघठक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि हिन्दी दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में प्रशिक्षणार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने राजभाषा हिंदी के स्वरूप के वैश्विक स्तरीय महत्व को प्रदर्शित करती कविताएं, गीत, कथाएं व ऐतिहासिक परिदृश्य को स्पष्ट करती प्रस्तुतियां प्रदान की।

डॉ. अमी राठौड ने हिंदी पठन पाठन व लेखन में पारंगत होने का आव्हान करते हुए भावी शिक्षकों से निज भाषा एवं मातृभाषा पर गौरव करने की बात कही। वहीं हिंदी को राष्ट्र अस्मिता का प्रतीक बताते हुए महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार दवे ने राजभाषा हिंदी के राष्ट्रभाषायी स्वयंभू स्वरूप पर प्रकाश डाला। डॉ. हरीश चौबीसा ने हिंदी को भारतवर्ष के कपाल पर उज्ज्वल तिलक की उद्घोषणा करती काव्यमय प्रस्तुति दी। श्रीमती रूपल सिंह तोमर ने हिंदी भाषा के संवैधानिक मूल्यों एवं विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी बालाराम सेन ने कविता प्रस्तुत करते हुए हिन्दी का आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. तिलकेश आमेटा ने हिन्दी के व्यवहार में अभिमान अनुभव करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। अध्यक्षयीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने हिंदी भाषा को दिवस मात्र तक ही सीमित न कर आत्मार्पित करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा सुथार, डॉ. शानू शक्तावत, श्रीमती ऊषा शर्मा एवं डॉ. महेन्द्र कुमार वर्मा ने भी हिन्दी भाषा के संबंध में विचार व्यक्त किए एवं प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. सुनिता मुडिऱ्या, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. सरिता मेनारिया आदि मौजूद रहे।

## झांसा देकर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** भूखण्ड खरीदने का झांसा देकर नकदी हड़प कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पीडित विजय मल्हौत्रा पुत्र तिलकराज निवासी देत्यमंगरी ने आरोपी निरूपा टांक पुत्र सत्यनारायण टांक एवं सत्यनारायण टाांक निवासी कृष्ण कॉलोनी प्रभात निकेतन सन हास्पीटल के सामने बडगांव के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैने अपना भूखण्ड० बेचने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान बातचीत होने पर 18 लाख में सौदा तय होने पर 21 जून2021को इकरार किया। कुछ समय बाद 14 लाख 60 हजार रूपेय के चैक से भुगतान कर दिया तथा शेष नकदी 3 लाख 40 हजार जल्द ही देने का आश्वासन दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत तिरोल, पं.स. सायरा जिला उदयपुर

क्रमांक : 24-25/3 दिनांक : 11.09.2024

-: निविदा सूचना :-

इस कार्यालय के पत्रांक 3, दिनांक 11.09.2024 द्वारा निम्नलिखित निविदा सूचना द्वारा अनुबंध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | 24-25/3 दिनांक 11.09.2024 | 10.00 लाख | ZUD2425WS0B00682 |

निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं ग्राम पंचायत कडेच/तिरोल पंचायत समिति सायरा में कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच ग्राम पंचायत तिरोल
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तिरोल


## सार-समाचार

### मारपीट कर नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** फाईनेन्स कंपनी कर्मचारी के साथ मारपीट कर नकदी लूटने वाले तीन बदमाशों के खिलाफ ऋषभदेव थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राजबाबू वम्र पुत्र चन्दरसिंह वर्मा निवासी कशकारपुर सिहोर एमपी हॉल बीएएस माईक फाइनेंन्स कंपनी ऋषभदेव ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि शुक्रवार अपरान्ह में परसाद क्षैत्र में स्वयं सहायता समूह महिलाओं से किश्तें वसूल कर बाइक पर वापस ऋषभदेव लौट रहा था। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बिलख फला गडावत पर आए बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने रोंक मारपीट की तथा जेब से 21हजार 490 रूपये नकदी छिन लेगए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### वृद्ध ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में वृद्ध ने अपने मकान पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर में सुखेर थाना क्षेत्र 406 राजलक्ष्मी अपार्टमेंट न्यू भुपालपुरा निवासी कुंजबिहारी (76) पुत्र मनोहरलाल जोशी ने अपने मकान की छत पर लोहे की सीढ़ी पर फंदा बना आत्महत्या कर ली। हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच कर उसे फंदे से नीचे उतरवा एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मार्चेरी में रखवाया है। कुंजबिहारी अपनी पत्नी के साथ रहता था। एक पुत्र अमेरिका एवं पुत्री सीकर में है। जिन्हें सूचना दी है उनके आने पर पोस्टमार्टम होगा।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में युवक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सवेरे गोवर्धन विलास चणबोरा तिराहे के समीप नीम के पेड़ पर काया फला फाटा दरा निवासी प्रकाश (23) पुत्र बाबूलाल कटारा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल मौहनलाल ने शव को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के आने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रकाश शुक्रवार दोपहर में घर से निकला था।

### हॉकी प्रतियोगिता का प्रस्ताव सौंपा

**उदयपुर, (कासं)।** पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय की मेजबानी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का संपूर्ण प्रस्ताव बनाकर आयोजन समिति द्वारा विधायक ताराचंद जैन को सुपुर्द किया एवं उनसे सुझाव आमंत्रित किए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश सुथार प्रधानाचार्य चेतन पानेरी प्रबंधन सचिव गोपाल सिंह आसोलिया खेल प्रभारी डॉ धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, योगेंद्र सिंह भाटी दिग्विजय सिंह राणावत डॉ महेश्वर पाल सिंह जसवंत सिंह जैतावत डॉ सतीश चौधरी पन्नालाल जोशी आदि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन के लिए उदयपुर शहर विधायक जैन के सुझाव आमंत्रित किए गए एवं उनके अनुसार योजनाएं बनाए जाने का निर्णय लिया गया तथा विभिन्न समितियां का गठन किया जाएगा।

## दपंती से नकदी व जेवरात लूटे

**उदयपुर, (कासं)।** बडगांव थाना क्षेत्र में स्थित मकान में घुसे चोर दंपत्ति के साथ मारपीट कर नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बडगांव थाना क्षेत्र पिक पर्ल काम्प्लेक्स के पिछे बडगांव निवासी श्यामसुन्दर चौबीसा पुत्र दुर्गाशंकर के मकान का 13 सितंबर तडके किवाड़ तोड़ कर अंदर घुसे चोर सोने की चेन, अंगूठियां, लोकेट, कुण्डल, सहित करीब आठ से दस तोला सोने के जेवरात, चांदी की पायल, पूजन के सिक्के तथा 40 हजार रूपये नकदी चुरा ले लिए। इस दौरान जाग होने पर विरोध करने पर बदमाश श्याम सुन्दर, उसकी पत्नी तथा पुत्र युवराज के साथ मारपीट कर फरार हो गए। बदमाशों की संख्या तीन बताई गई। जाग होने से पहले बदमाश जेवरात व नकदी बाहर ले गए। इसी दौरान जाग होने पर तीसरे बदमाश भागने के लिए हमला कर फरार हो गया।

# गोगुंदा के राणेराव तालाब पाल पर हुआ जल महोत्सव

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार देवझूलनी एकादशी के पवित्र अवसर पर शनिवार को प्रदेशभर में राजस्थान जल महोत्सव मनाया गया। इसके तहत जलाशयों पर पूजा अर्चना करते हुए आमजन को जल का महत्व बताते हुए उसके संरक्षण का आह्वान किया। इसी क्रम में उदयपुर में जिला स्तरीय जल महोत्सव गोगुन्दा पंचायत समिति अंतर्गत राणेराव तालाब गोगुन्दा में आयोजित हुआ। इसमें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों सहित आमजन ने सहभागिता निभाई।

राणेराव तालाब पाल पर हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी हेमेंद्र नागर सहित अन्य ने जल की विधिवत् पूजा अर्चना कर आरती की। मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली ने कहा कि जल की बूंद-बूंद कीमती है, हम सभी को जल के महत्व को समझना होगा और इसे सहेजना होगा। हम लोग खुशनसीब हैं कि विगत के कुछ वर्षों में क्षेत्र में अच्छी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के जरिए व्यापक रूप से जल संरक्षण के कार्य हुए जिससे पूरे प्रदेश का भू-जल स्तर सुधरा है। सीईओ हेमेंद्र नागर ने कहा कि अच्छी बारिश होने से क्षेत्र में खुशहाली है। राज्य सरकार की मंशा थी कि इसे उत्सव के रूप में मनाया जाए। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। जल संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से जलाशयों में कचरा नहीं फेंकने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गोगुन्दा प्रधान सुंदर देवी गमेती, उप प्रधान लक्ष्मण सिंह झाला, विभिन्न विभागों के जिला एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत, उपली सिगरी

पं.स. फलासिया, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः- ग्रा.पं./2024-25/SPL-01 दिनांक-11 .09.24

ई निविदा ( निविदा सूचना संख्या/2024-25 )

ग्राम पंचायत उपली सिगरी में ग्राम पंचायत के लिये महात्मा गांधी नरेगा व अन्य योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री उपापन की निविदाऐं दिनांक 12/09/2024 प्रातः 8.00 बजे से दिनांक 19/09/2024 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना व पंचायत वार विवरण तथा विस्तृत शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेब साईट sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Tender ID -2024_PRD_418316_1

सरपंच ग्राम पंचायत उपली सिगरी पंचायत समिति फलासिया
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत उपली सिगरी पंचायत समिति फलासिया


# अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाडिया विवि के लेखा एवं सांख्यिकी विभाग के मास्टर ऑफ फाइनेंस एंड कंट्रोल प्रोग्राम और भारतीय लेखांकन परिषद् के सयुंक्त तत्वाधान में आज अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन सत्र आयोजित किया

आयोजक सचिव डॉक्टर शिल्पा वर्डिया ने बताया कि समापन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो संजय भयानी ने लेखांकन, वित्त , कराधान में बढते हुए प्रयोग एवं संभावित चुनोतियो पर विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया की ब्लॉकचैन तकनीक एवं बिग डाटा विश्लेषण तकनीक के प्रचलन से रोजगार के अवसरों में रूपांतरण हुआ है। समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष प्रो जी.सोरल ने लेखा एवं सांख्यिकी विभाग, मास्टर ऑफ फाइनेंस कण्ट्रोल प्रोग्राम एवं उदयपुर ब्रांच को सभी तकनीकी सत्रों (ऑनलाइन-ऑफलाइन) के सफल आयोजन की सराहना की तथा चिंता व्यक्त की आज भी अर्थशास्त्र , विज्ञान , आईटीआई एवं वित्त विषयो की तुलना में लेखांकन विषय की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हुई अतः लेखांकन के उत्थान के लिए तकनीकी परिवर्तनों को स्वीकार कर आगे बढना होगा तथा लेखांकन के समकालीन मुद्दों पर गुणवत्ता पूर्ण शोध करने के लिए देश के सभी लेखाविदो को एक मंच पर आना होगा। समापन सत्र के अध्यक्षता कर रहे उदयपुर शाखा के अध्यक्ष एवं जेआरएन विद्यापीठ उदयपुर के कुलपति प्रो. (कर्नल) एसएस सारंगदेवोत ने अध्यक्षीय भाषण में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में 125 से अधिक प्रतिभागीयो द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत करने के संचालन की सराहना की। संगोष्ठी निदेशक डॉक्टर शूरवीर सिंह भाणावत ने वर्तमान में कंपनियों द्वारा बडी कंपनियों द्वारा प्रति सेकंड में बहुत बडी मात्रा में किए जाने वाले ट्रांजेक्शन के लिए लेखाकारों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का वर्णन किया।

अध्यक्ष ने तीन श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड विजेताओ की घोषणा की जिसमे वित्त श्रेणी में डॉ. समता ओर्डिया व अनिमा चौर्डिया तथा मंजू नाथ व अर्चना को सयुंक्त रूप से, कराधान श्रेणी में डॉ. दुर्गा सिंह गौड एवं लेखांकन की श्रेणी में इमरान मोहम्मद को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड से नवाजा गया। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए सृष्टि मंत्री को अवार्ड दिया। समापन सत्र के दौरान संकाय सदस्य डॉ. शिल्पा लोढा ने अपने शोध पत्र में कॉर्पोरेट, सरकारी, संस्थागत एवं विदेशी प्रमोटर्स का फर्म की परफॉरमेंस पर पडने वाले सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव को बताया। संगोष्ठी निदेशक ने मोलासुवि, उदयपुर की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा , महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो बीएल वर्मा ने सत्र के मुख्य वक्ता सचिव एवं सौराष्ट्र विवि , राजकोट के प्रो संजय जे भयानी, अध्यक्ष शाखा प्रो.(कर्नल) एसएस सारंगदेवोत, विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो सोरल, डॉ पुष्पराज मीणा, कोटा ब्रांच के मीनू माहेश्वरी डॉ दुर्गा सिंह गौड प्रतिभागियो, स्टाफ एवं मीडिया प्रभारी को संगोष्ठी के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत, गुराड़

पं.स. फलासिया, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः- ग्रा.पं./2024-25/SPL-01 दिनांक-11 .09.24

ई निविदा ( निविदा सूचना संख्या/2024-25 )

ग्राम पंचायत गुराड़ में ग्राम पंचायत के लिये महात्मा गांधी नरेगा व अन्य योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री उपापन की निविदाऐं दिनांक 12/09/2024 प्रातः 9.00 बजे से दिनांक 19/09/2024 को सांय 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना व पंचायत वार विवरण तथा विस्तृत शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेब साईट sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0 -2024_PRD_418333_1

सरपंच ग्राम पंचायत गुराड पंचायत समिति फलासिया
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गुराड पंचायत समिति फलासिया


# उदयपुर में 'प्लास्टिक को कहे ना' अभियान का आगाज'



उदयपुर में पिम्स, उमरड़ा के सहयोग से 'प्लास्टिक को कहे ना' अभियान का आगाज हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** प्लास्टिक को कहे ना और महिला सशक्तिकरण जागरुकता अभियान की शुरूआत शनिवार को पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा के सहयोग से राहडा फाउंडेशन और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा 10 हजार से ज्यादा कपडे से बने बैग वितरण के साथ हुई।

इस मौके पर कॉमर्स कॉलेज के बाहर गवरी कार्यक्रम के दौरान 300 से ज्यादा बैग गवरी कलाकारों और दर्शकों को बांटे गए। नेहरु हॉस्टल में आयोजित समारोह में राहडा फाउंडेशन की संस्थापक अर्चनासिंह चारण ने कहा

- 10 हजार कपड़े के बैग वितरित करने का लक्ष्य

कि पर्यावरण को बचाने और महिलाओं को सशक्त करने के इस कार्य में पिम्स हॉस्पिटल उमरडा के चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, निदेशक शीतल अग्रवाल, डॉ. देवेन्द्र जैन तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों द्वारा दिया गया सहयोग अभूतपूर्व है। चारण ने कहा कि जिस बडी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल हो रहा है उससे पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है, उसे रोकने के लिए यह अभियान शुरु किया है। उदयपुर आने वाला प्रत्येक पर्यटक यहां की एक सुंदर छवि अपने साथ लेकर जाए। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में 10 हजार कपडे के बैग वितरण करने से इस वृहद अभियान की शुरुआत की गई है जिसे पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा का पूरा सहयोग मिला है। हमारा प्रयास रहेगा कि लेकसिटी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशासन के साथ आम जनता भी जागरुक हो, जिससे शहर सुंदर और स्वस्थ विकास की ओर अग्रसर रहे। कपडे के बैग बनाने का काम सुखाडिया विवि के फैशन डिजाइन विभाग को दिया गया। महिलाओं को ही बैग बनाने रोजगार दिया गया है जिससे महिलाएं भी सशक्त हो रही हैं।

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ शरद सक्सेना, डॉ. उदित सोनी ने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरुरत पर्यावरण को सुरक्षित रखने की है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल इसके लिए विभिन्न माध्यमों से काम कर रहा है। समारोह में आरएनटी मेडिकल कॉलेज की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका अग्रवाल, समाजसेवी डाक्टर मीनाक्षी गर्ग ने इस अभियान को आगे बढाने में अपना पूरा समर्थन दिया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए महिलाओं को आगे लाने के भरपूर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में डोली मोगरा, रेखा पुरोहित, सरला अग्रवाल व जुली शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

## वार्ड 25 में 19.5 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में शनिवार को वार्ड 25 में नगर निगम व विधायक मद से निर्मित लगभग 19.5 लाख के कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठरी ने बताया कि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के सहयोग से बी ब्लॉक सेक्टर 7 स्थित पीपा जी महाराज सामुदायिक भवन के 13.5 लाख की लागत से रिपेयरिंग तथा धनेश्वर पार्क में इंटरलॉकिंग टाईल्सए बाउंड्री वाल की मरम्मत तथा लोहे की रेलिंग आदि के विकास कार्य का शिलान्यास किया। इससे कॉलोनी के निवासीयों को सुविधा होगी।

साथ इस कडी में जगन्नाथ धाम पार्क में दो महिला व पुरुष स्नानघर का लोकार्पण भी ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन,समाजसेवी प्रमोद सामर,पूर्व विधायक वंदना मीणा,लघु उद्योग भारती जिला संयोजक मनोज जोशी, किरण तातेड, देबीलाल सालवी आदि द्वारा किया गया।लोकापर्ण की इसी श्रृंखला में कृष्णा कॉलोनीएलाल मगरी में दो चबुतरो का भी क्षेत्रवासियों की मांग पर आज उद्धघाटन किया।

इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कृष्णा कॉलोनी स्थित चबूतरों के उद्धघाटन के पश्चात उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पार्षद सदैव आपके विकास के लिये सेवा में तैयार रहते है ओर आगे भी तत्पर रहेंगे। आज कृष्णा कॉलोनी कच्ची बस्ती नही रही आज यह पक्की बस्ती होगई है। कॉलोनी में रोडलाईटे,साफ सफाई इत्यादि सुव्यवस्थित है आगामी कुछ ही समय क्षेत्रवासियों की मांग पर पानी की समस्या को दूर करने के लिए पांच लाख लीटर क्षमता की पानी के टंकी के निर्माण के लिये शीघ्र शिलान्यास करेंगे। इस टंकी के लिये नगर विकास प्रन्यास से यहां स्कूल के पास रिक्त भूमि को आरक्षित करवा दी गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत, अम्बावी

पं.स. फलासिया, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः- ग्रा.पं./2024-25/SPL-01 दिनांक-11 .09.24

ई निविदा ( निविदा सूचना संख्या/2024-25 )

ग्राम पंचायत अम्बावी में ग्राम पंचायत के लिये महात्मा गांधी नरेगा व अन्य योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री उपापन की निविदाऐं दिनांक 12/09/2024 प्रातः 8.00 बजे से दिनांक 19/09/2024 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना व पंचायत वार विवरण तथा विस्तृत शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेब साईट sppp.rajasthan.gov.in or eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Tender ID -2024_PRD_418328_1

सरपंच ग्राम पंचायत अम्बावी पंचायत समिति फलासिया
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अम्बावी पंचायत समिति फलासिया